


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** | संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**



वर्ष : 4 | अंक : 14 | गोंदिया : गुरुवार, 9 नवंबर से 15 नवंबर 2023 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : रु. 5


# दीपावली एक दिन का पर्व नहीं अपितु पर्वों का समूह

दीपावली के दिन भारत में विभिन्न स्थानों पर मेले लगते हैं। दीपावली एक दिन का पर्व नहीं अपितु पर्वों का समूह है। दशहरे के पश्चात ही दीपावली की तैयारियाँ आरंभ हो जाती है। लोग नए-नए वस्त्र सिलवाते हैं। दीपावली से दो दिन पूर्व धनतेरस का त्योहार आता है। इस दिन बाज़ारों में चारों तरफ़ जनसमूह उमड़ पड़ता है। बरतनों की दुकानों पर विशेष साज-सज्जा व भीड़ दिखाई देती है। धनतेरस के दिन बरतन खरीदना शुभ माना जाता है अतैव प्रत्येक परिवार अपनी-अपनी आवश्यकता अनुसार कुछ न कुछ खरीदारी करता है। इस दिन तुलसी या घर के द्वार पर एक दीपक जलाया जाता है। इससे अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली होती है। इस दिन यम पूजा हेतु दीपक जलाए जाते हैं। अगले दिन दीपावली आती है। इस दिन घरों में सुबह से ही तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। बाज़ारों में खील-बताशे, मिठाइयाँ, खांड़ के खिलौने, लक्ष्मी-गणेश आदि की मूर्तियाँ बिकने लगती हैं। स्थान-स्थान पर आतिशबाजी और पटाखों की दूकानें सजी होती हैं। सुबह से ही लोग रिश्तेदारों, मित्रों, सगे-संबंधियों के घर मिठाइयाँ व उपहार बाँटने लगते हैं। दीपावली की शाम लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। पूजा के बाद लोग अपने-अपने घरों के बाहर दीपक व मोमबत्तियाँ जलाकर रखते हैं। चारों ओर चमकते दीपक अत्यंत सुंदर दिखाई देते हैं। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से बाज़ार व गलियाँ जगमगा उठते हैं। बच्चे तरह-तरह के पटाखों व आतिशबाज़ियों का आनंद लेते हैं। रंग-बिरंगी फुलझड़ियाँ, आतिशबाज़ियाँ व अनारों के जलने का आनंद प्रत्येक आयु के लोग लेते हैं। देर रात तक कार्तिक की अँधेरी रात पूर्णिमा से भी से भी अधिक प्रकाशयुक्त दिखाई पड़ती है।



दीपावली से अगले दिन गोवर्धन पर्वत अपनी अँगुली पर उठाकर इंद्र के कोप से डूबते ब्रजवासियों को बनाया था। इसी दिन लोग अपने गाय-बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर पूजा करते हैं। अगले दिन भाई दूज का पर्व होता है।भाई दूज या भैया द्वीज को यम द्वितीय भी कहते हैं। इस दिन भाई और बहिन गांठ जोड़ कर यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा है। इस दिन बहिन अपने भाई के मस्तक पर तिलक लगा कर उसके मंगल की कामना करती है और भाई भी प्रत्युत्तर में उसे भेंट देता है। दीपावली के दूसरे दिन व्यापारी अपने पुराने बहीखाते बदल देते हैं। वे दूकानों पर लक्ष्मी पूजन करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से धन की देवी लक्ष्मी की उन पर विशेष अनुकंपा रहेगी। कृषक वर्ग के लिये इस पर्व का विशेष महत्त्व है। खरीफ़ की फसल पक कर तैयार हो जाने से कृषकों के खलिहान समृद्ध हो जाते हैं। कृषक समाज अपनी समृद्धि का यह पर्व उल्लासपूर्वक मनाता हैं।

अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह पर्व समाज में उल्लास, भाई-चारे व प्रेम का संदेश फैलाता है। यह पर्व सामूहिक व व्यक्तिगत दोनों तरह से मनाए जाने वाला ऐसा विशिष्ट पर्व है जो धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक विशिष्टता रखता है। हर प्रांत या क्षेत्र में दीपावली मनाने के कारण एवं तरीके अलग हैं पर सभी जगह कई पीढ़ियों से यह त्योहार चला आ रहा है। लोगों में दीपावली की बहुत उमंग होती है। लोग अपने घरों का कोना-कोना साफ़ करते हैं, नये कपड़े पहनते हैं। मिठाइयों के उपहार एक दूसरे को बाँटते हैं, एक दूसरे से मिलते हैं। घर-घर में सुन्दर रंगोली बनायी जाती है, दिये जलाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। बड़े छोटे सभी इस त्योहार में भाग लेते हैं। अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह पर्व समाज में उल्लास, भाई-चारे व प्रेम का संदेश फैलाता है। हर प्रांत या क्षेत्र में दीपावली मनाने के कारण एवं तरीके अलग हैं पर सभी जगह कई पीढ़ियों से यह त्योहार चला आ रहा है। लोगों में दीपावली की बहुत उमंग होती है।

सबसे पहले चौकी पर लाल कपड़ा बिछाये लाल कपडे के बीच में गणेश जी और लक्ष्मी माता की मूर्तियां रखे. लक्ष्मी जी को ध्यान से गणेश जी के दाहिने तरफ ही बिढाये और दोनों मूर्तियों का चेहरा पूरब ौ पश्चिम दिशा की तरफ रखे. अब दोनों मूर्तियों के आगे थोड़े रुपए इच्छा अनुसार सोने चांदी के आभुशण और चांदी के 5 सिक्के भी रख दे. यह चांदी के सिक्के ही कुबेर जी का रूप है. लक्ष्मी जी की मूर्ति के दाहिनी ओर अछत से अष्टदल बनाएं यानी कि आठ दिशाएं उंगली से बनाए बीच से बाहर की ओर फिर जल से भरे कलश को उस पर रख दे . कलश के अंदर थोड़ा चंदन दुर्व पंचरत्न सुपारी आम के या केले के पत्ते डालकर मौली से बंधा हुआ नारियल उसमें रखें. पानी के बर्तन यानि जल पात्र में साफ पानी भरकर उसमें मौली बांधे और थोड़ा सा गंगाजल उसमें मिलाएं. इसके बाद चौकी के सामने बाकी पूजा सामग्री कि थालीया रखे. दो बडे दिये मे देसी घी डालकर और ग्यारह छोटे दिये मे सरसो का तेल भर तैयार करके रखे. घर के सभी लोगों के बैठ्ने के लिए चौकी के बगल आसन बना ले. ध्यान रखें ये सभी काम शुभ मुहुरत शुरू होने से पहले ही करने होंगे. शुभ मुहुरत शुरू होने से पहले घर के सभी लोग नहा कर नए कपड़े पहन कर तैयार हो जाएं और आसन ग्रहृ करें.

## आतिशबाज़ी

दुनिया के अन्य प्रमुख त्योहारों के साथ ही दीपावली में भी आतिशबाजी की जाती है। आतिशबाजी को खुशियों को दिखाने का एक माध्यम भी माना जाता है, लेकिन इसके कारण पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रभाव चिंता योग्य है।

## वायु प्रदूषण

विद्वानों के अनुसार आतिशबाजी के दौरान इतना वायु प्रदूषण नहीं होता जितना आतिशबाजी के बाद, जो आतिशबाजी के पूर्व स्तर से करीब चार गुना बदतर और सामान्य दिनों के औसत स्तर से दो गुना बुरा पाया जाता है। इस अध्ययन की वजह से पता चलता है कि आतिशबाज़ी के बाद हवा में धूल के महीन कण क्र2.5 हवा में उपस्थित रहते हैं। यह प्रदूषण स्तर एक दिन के लिए रहता है, और प्रदूषक सांद्रता 24 घंटे के बाद वास्तविक स्तर पर लौटने लगती है।[67] अत्री एट अल की रिपोर्ट अनुसार नए साल की पूर्व संध्या या संबंधित राष्ट्रीय के स्वतंत्रता दिवस पर दुनिया भर आतिशबाजी समारोह होते हैं जो ओजोन परत में छेद के कारक हैं।

## जलने की घटनाएं

दीपावली की आतिशबाजी के दौरान भारत में जलने की चोटों में वृद्धि पायी गयी है। अनार नामक एक आतशबाज़ी को 65त्न चोटों का कारण पाया गया है। अधिकांशत: वयस्क इसका शिकार होते हैं। समाचार पत्र, घाव पर समुचित नर्सिंग के साथ प्रभावों को कम करने में मदद करने के लिए जले हुए हिस्से पर तुरंत ठंडे पानी को छिड़कने की सलाह देते हैं अधिकांश चोटें छोटी ही होती हैं जो प्राथमिक उपचार के बाद भर जाती हैं।























# नियमों का उल्लंघन कर परिचारक का स्थानांतरण जिप पशुपालन विभाग का मामला



**गोंदिया**-सरकारी कर्मचारियों का तबादला करते समय सरकार ने इस संबंध में कुछ दिशानिर्देश तय किए हैं. उन्हीं नियमों के तहत कर्मचारियों का तवादला किया जाता है, लेकिन नियमों के अनुरूप नहीं होते हुए भी जिप के पशुपालन विभाग में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का अवैध स्थानांतरण करने का मामला सामने आया है. मामला सामने आते ही विभाग के वरिष्ठ अधिकरियों ने यह मैं नहीं का रवैया अपना लिया है. जिला परिषद के अंतर्गत पशुपालन विभाग का गोंदिया तहसील के असोली में श्रेणी-1 पशु चिकित्सालय है.. अस्पताल पिछले 3 वर्षों से चिकित्सा पदाधिकारी के अभाव में चल रहा है, लेकिन एकमात्र कर्मचारी नंदेश्वर एकपरिचारक है जो इस अस्पताल में आने वाले किसानों की सेवा कर रहा है. 3 महीने पहले उसका अवैध तरीके से स्वास्थ्यविभाग में तबादला कर दिया गया. परिचारक पिछले अठारह वर्षों से पशुपालन विभाग में कार्यरत है. काटी के अस्पताल मेंसेवा के दौरान भैंस द्वारा गर्दन पर चोट लगने के कारण वह दिव्यांग हो गए हैं. फिर भी को सेवाएं देने का काम जारी है.

# विस्तार अधिकारी एसीबी के जाल में फंसा

## 10 हजार के रिश्वत की मांग

**गोंदिया**-गोंदिया पंचायत समिति के विस्तार अधिकारी ज्ञानेश्वर लंजे को 10 हजार रु. की रिश्वत लेते हुए रिश्वत एसीबी ने गिरफ्तार किया है. शिकायतकर्ता एक निलंबित ग्राम सेवक है और उसके निलंबन को तीन महीने हो गए हैं. शिकायतकर्ता ने अपना दोषारोप पत्र (फॉर्म क्र. 1 से 4) तैयार करने और गुट विकास अधिकारी के माध्यम से जिला परिषद कार्यालय गोंदिया को भेजने का अनुरोध किया. जिस पर पंचायत समिति के विस्तार अधिकारी ज्ञानेश्वर लंजे ने 10 रु. की मांग की. आरोपी ने शिकायकर्ता की शिकायत तैयार करने और गुट विकास अधिकारी के माध्यम से जिला परिषद कार्यालय गोंदिया को भेजने के लिए पंच के समक्ष 10 हजार रु. की रिश्वत ली. जिसके तहक आरोपी ज्ञानेश्वर लंजे को गिरफ्तार किया गया. आरोपी के खिलाफ शहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है. यह कार्रवाई एसीबी पुलिस अधीक्षक राहुल माकनीकर, अपर पुलिस अधीक्षक सचिन कदम, संजय पुरंदरे के मार्गदर्शन में पुलिस उप अधीक्षक विलास काले, पुलिस अधीक्षक उमाकांत उगले, सहायक फौजदार विजय खोब्रागडे, चंद्रकांत करपे, हवलदार संजयकुमार बोहरे, मंगेश काहालकर, सिपाही संतोष शेंडे, सिपाही संतोष बोपचे, अशोक कापसे, प्रशांत सोनवाने, कैलाश काटकर, रोहिणी डांगे, दीपक बाटबर्वे ने की है.

# दुर्गम क्षेत्र में निजी वाहनों का बोलबाला



**गोंदिया**-ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्र में निजी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठाया जाता है. किंतु इस ओर उपप्रादेशिक परिवहन विभाग और यातायात विभाग की बेध्यानी होने के कारण इन क्षेत्रों में निजी यात्री वाहनों का बोलबाला दिखाई दे रहा है. विशेषत: संबंधित विभाग की अनदेखी के चलते यह मामला खुलेआम शुरू है. जिससे क्षमता से अधिक यात्रियों को वाहन में निजी वाहन धारकों पर कार्रवाई करने की मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है. जिला आदिवासी बहुल और दुर्गम क्षेत्र में बसा है. दुर्गम क्षेत्र में बसे अधिकतर गांवों तक रापनि को बसें नहींपहुंच पाती है. जिसके कारण इन क्षेत्र में लोग निजी वाहनों से अधिक सफर करते हैं. लेकिन दूसरी ओर इसका गलत लाभ उठाते हुए और कम समय में अधिक पैसे कमाने के चक्कर में निजी वाहनधारक क्षमता से अधिक यात्रियों को बिनाकर सफर करते हैं ऐसे मेंदुर्गम क्षेत्र की सड़कों की हालत खस्ता होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना रहती है. बाजवूद इसके निजी वाहनधारक अपनी कर क्षमता से अधिक यात्रियों को बिठाते हैं.

### जानलेवा सफर करने पर लोग मजबूर

हालांकि रापनि कर्मचारियों का हड़ताल समाप्त होने के बाद जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बस सेवा शुरू हो गयी है. लेकिन अब तक दुर्गम क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार बस सेवा शुरू नहीं हो पाई है. जिसके कारण अब भी इन क्षेत्र के यात्री निजी वाहनों से ही आवागमन करते हैं





































**PROGRESSIVE INTERNATIONAL SCHOOL**
(ICSE BOARD) Std. I to X
FIRST ICSE SCHOOL OF GONDIA - BHANDARA DISTRICT
Pangoli Road, Chulod Gondia (M.S.) Mob No.9359108126

**PROGRESSIVE ENGLISH SCHOOL**
(CBSE BOARD) Affiliations No. 1130335
CHULOD ROAD, GONDIA (M.S.)
Nursery to KG-II & Std. 1st to Std. 12th
Bus facility | Skating | Swimming | Music Lab | Activity Class

Happy Diwali
Founder OF THE SOCIETY
दिवाली व नुतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ
Late Shri Ramkishor R. Katakwar
Smt. Umadevi R. Katakwar
Dr. Panjak Katakwar
Director
Dr. Niraj Katakwar
Secetary

दीपावली
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें
सुनील केलनका
महामंत्री, भाजपा गोंदिया जिल्हा
विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्रेशन करे।

## जनतेला सुचना

नक्षलवाद्यांचे मुख्यत: दोन प्रकार असतात एक म्हणजे जंगलात शस्त्र घेवून पोलीस व प्रशासनाविरुद्ध विविध घातपाती / विध्वंसक कारवाया घडवून आणत असतात, तर दुसरे म्हणजे शहरी माओवादी ( अर्बन नक्षल ) जे कट्टर डाव्या कडव्या विचारसरणीचे असतात व जनमाणसात राहुन आपली खरी ओळख उघड न होऊ देता त्यांच्या तथाकथीत क्रांतीच्या वाटेवर मार्गक्रमण करीत देशाच्या आंतरीक सुरक्षला धोका उत्पन्न होईल, सार्वजनिक शांततेला तडा जाईल, देशाची एकता व अखंडता कुमकुवत होईल यादृष्टीने कार्य करीत असतात. अश्या दोन्ही प्रकारच्या माओवाद्यांपासून जनतेने सतर्क रहावे.

तसेच दिवाळी सणानिमीत्त बऱ्याच मोठया संख्येने नागरिक गावाला ये-जा करीत असतात तरी सर्व नागरिकांनी गावी जातांना चोरी, दरोडा, तसेच विविध प्रकारचे गुन्हयांपासुन आपल्या मालमत्तेचे रक्षण करण्याचे दृष्टीने अतिदक्षता बाळगावी. गावाला जातांना संबंधीत पोलीस स्टेशनला व शेजारच्या विश्वासु व्यक्तींना माहिती द्यावी. वाहने चालवितांना वाहतुकीच्या नियमांचे काटेकोर पालन करावे. फटाके उडवितांना जाळपोळ सारख्या घटना टाळण्याच्या दृष्टीने योग्य ती खबरदारी घ्यावी असे गोंदिया जिल्हा पोलीस दलातर्फे जनतेला आवाहन करण्यात येत आहे.

पोलिस अधिक्षक
गोंदिया

नगरवासियों को दीपावली पर
हार्दिक शुभकामनाएँ
घनश्याम पानतवने
पूर्व पक्ष नेता, नगर परिषद, गोंदिया

दीपोत्सव पर बधाईयाँ...
रोशन जायसवाल
युवा उद्योगपति, गोंदिया

नगर परिषद गोंदिया
कार्यालय नगर परिषद, गोंदिया
ULB CODE -802716
स्वच्छ दिवाळी
शुभ दिवाळी
स्वच्छ भारत अभियान २.० च्या पुढाकाराने
PLASTIC BAN
Reduce Reuse Recycle
मुख्याधिकारी
नगर परिषद गोंदिया

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।